# लोक शिक्षण संचालनालय

छत्तीसगढ़

प्रथम तल, खण्ड–सी, इन्द्रावती भवन, अटल नगर

फोन नम्बर– 0771–2331385, फैक्स नम्बर–0771–2445215, Email Id–cg.dpi.dir@gmail.com

क्रमांक / क्रमांक / ESTB-101(3)/146/2025/167 नवा रायपुर, दिनांक 12 / 06 / 2025

## प्रेस विज्ञप्ति

छ.ग. शासन स्कूल शिक्षा विभाग का आदेश क्रमांक एफ 2–19 / 2024 / 20–तीन, दिनांक 30.04.2025 के द्वारा सेवा समाप्त किये गये बी.एड. अर्हताधारी सहायक शिक्षकों को सहायक शिक्षक विज्ञान (प्रयोगशाला) के पद पर समायोजन करने का निर्णय लिया गया है। समायोजन की कार्यवाही ओपन काउंसिलिंग के माध्यम से दिनांक 17.06.2025 से 26.06.2025 तक **प्रतिदिवस स्थान – शासकीय शिक्षा महाविद्यालय परिसर, शंकर नगर, रायपुर में की जा रही है।** काउंसिलिंग में कुल 2621 अभ्यर्थियों को शामिल किया गया है एवं इनके पदांकन के लिये 29 जिलों के स्कूलों की 2621 रिक्तियों को शामिल किया गया है। प्रतिदिवस प्रथम पाली में 150 एवं द्वितीय पाली में 150 इस तरह कुल 300 अभ्यर्थियों की काउंसिलिंग की जायेगी। काउंसिलिंग में शामिल होने वाले 2621 अभ्यर्थियों की सूची स्कूल शिक्षा विभाग की वेबसाईट https:// eduportal.cg.nic.in/ में उपलब्ध है।

संलग्न :– सूचना पत्र दिनांक 12.06.2025.

उप संचालक
लोक शिक्षण छत्तीसगढ़

D drive/E/2025/letter 2025

# लोक शिक्षण संचालनालय

**छत्तीसगढ़**

**प्रथम तल, खण्ड–सी, इन्द्रावती भवन, अटल नगर**

फोन नम्बर– 0771–2331385, फैक्स नम्बर–0771–2445215, Email Id–cg.dpi.dir@gmail.com


क्रमांक / क्रमांक / ESTB-101(3)/146/2025/166 नवा रायपुर, दिनांक 12 / 06 / 2025

## सूचना

छ.ग. शासन स्कूल शिक्षा विभाग का आदेश क्रमांक एफ 2–19/2024/20–तीन, दिनांक 30.04.2025 के द्वारा सहायक शिक्षक विज्ञान (प्रयोगशाला) के पद पर समायोजन करने का निर्णय लिया गया है। समायोजन की कार्यवाही ओपन काउंसिलिंग के माध्यम से दिनांक 17.06.2025 से 26.06.2025 तक **प्रतिदिवस स्थान – शासकीय शिक्षा महाविद्यालय परिसर, शंकर नगर, रायपुर में किया जा रहा है।** काउंसिलिंग में कुल 2621 अभ्यर्थियों को शामिल किया गया है एवं इनके पदांकन के लिये 29 जिलों के स्कूलों की 2621 रिक्तियों को शामिल किया गया है। काउंसिलिंग में शामिल होने वाले 2621 अभ्यर्थियों की सूची स्कूल शिक्षा विभाग की वेबसाईट https: //eduportal.cg.nic.in/ में उपलब्ध है। 2621 रिक्त पदों की सूची पृथक से वेबसाईट में जारी की जायेगी।

1. काउंसिलिंग में प्रतिदिवस प्रथम पाली में 150 एवं द्वितीय पाली में 150 अभ्यर्थी कुल 300 अभ्यर्थियों को शामिल किया जा रहा है।
2. काउंसिलिंग प्रतिदिन प्रातः 10:00 बजे से प्रारंभ की जायेगी।
3. सर्वप्रथम दिव्यांग महिला, इसके पश्चात् दिव्यांग पुरूष को बुलाया जायेगा। इसके पश्चात् सामान्य महिला तदुपरांत सामान्य पुरूष अभ्यर्थी को मेरिट क्रमानुसार काउंसिलिंग का अवसर प्रदान किया जायेगा।
4. अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे अपने नाम के सम्मुख तिथि एवं समय का अवलोकन करे तथा उनके लिये निर्धारित तिथि एवं समय में ही उपस्थिति प्रदान करे। द्वितीय पाली 01:30 से प्रारंभ है अतः अभ्यर्थी 01:00 बजे तक ही अपनी उपस्थिति देवे उससे पूर्व नहीं।
5. अभ्यर्थियों हेतु वेटिंग हॉल सेमिनार कक्ष क्रमांक 01 निर्धारित किया गया है एवं काउंससिलिंग सेमिनार कक्ष क्रमांक 02 में की जायेगी। दोनो हॉल में केवल अभ्यर्थियों को प्रवेश की अनुमति होगी।
6. जो अभ्यर्थी अपने निर्धारित तिथि को कांउसिलिंग में समुचित कारणों से उपस्थित नहीं हो पाते उन्हें अगले दिन काउंसिलिंग के लिये निर्धारित अंतिम अभ्यर्थी के बाद शामिल किया जायेगा।
7. जो अभ्यर्थी दिनांक 17.06.2025 से 25.06.2025 तक किसी कारण से काउंसिलिंग में उपस्थित नहीं हो पाते उन्हें दिनांक 26.06.2025 को मेरिट क्रमानुसार काउंसिलिंग का अंतिम अवसर दिया जायेगा।
8. अंतिम अवसर के उपरांत भी अनुपस्थित रहने वाले अभ्यर्थियों को यादृच्छिक रूप से शाला आवंटित कर दी जायेगी।
9. काउंसिलिंग में अभ्यर्थी निम्न अभिलेखों की स्वप्रमाणित प्रति प्रस्तुत करेंगे :–

(i) सहायक शिक्षक पद पर नियुक्ति आदेश।

(ii) सहायक शिक्षक पद से सेवा समाप्ति आदेश।

(iii) आधार कार्ड।

(iv) अभ्यर्थी काउंसिलिंग प्रपत्र में आवश्यक प्रविष्टियां दर्ज कर विंदु क्रमांक (i) से (iii) की जानकारी संलग्न कर टेबल क्रमांक 01 में प्रस्तुत करेंगे।

10. शालाओं के आबंटन पश्चात् अभ्यर्थियों का **दस्तावेज सत्यापन आबंटित जिले के जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में किया जायेगा।** अभ्यर्थी समस्त आवश्यक मूल अभिलेखों सहित निर्धारित समयावधि में कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी में उपस्थिति प्रदान करेगें।

दस्तावेज सत्यापन की समय–सारिणी निम्नानुसार है :–

| क्रमांक | राज्य स्तरीय काउंसलिंग दिनांक | जिले में दस्तावेज सत्यापन दिनांक | जिले द्वारा आदेश जारी किया जाना |
|---|---|---|---|
| 1 | 17.06.2025 | 25.06.2025 | 07.07.2025 |
| 2 | 18.06.2025 | 26.06.2025 | 07.07.2025 |
| 3 | 19.06.2025 | 27.06.2025 | 07.07.2025 |
| 4 | 20.06.2025 | 28.06.2025 | 07.07.2025 |
| 5 | 21.06.2025 | 29.06.2025 | 07.07.2025 |
| 6 | 22.06.2025 | 30.06.2025 | 07.07.2025 |
| 7 | 23.06.2025 | 01.07.2025 | 07.07.2025 |
| 8 | 24.06.2025 | 02.07.2025 | 07.07.2025 |
| 9 | 25.06.2025 | 03.07.2025 | 07.07.2025 |
| 10 | 26.06.2025 | 04.07.2025 | 07.07.2025 |

**संलग्न :–**

1. 2621 अभ्यर्थियों की काउंसिलिंग हेतु तिथिवार सूची।
2. काउंसिलिंग प्रपत्र।

**उप संचालक**
**लोक शिक्षण संचालनालय**
**छत्तीसगढ**

D drive/E/2025/letter 2025

# सहायक शिक्षक विज्ञान (प्रयोगशाला) के पद पर काउंसिलिंग हेतु प्रपत्र

| | | |
|---|---|---|
| काउंसिलिंग तिथि | / / 2025 | पासपोर्ट साइज़ स्व हस्ताक्षरित नवीनतम फोटोग्राफ चस्पा करें |
| रैंक | | |
| रोल नंबर | | |
| टेबल क्रमांक | | |

## अभ्यर्थी की जानकारी–

| | | |
|---|---|---|
| 1 | अभ्यर्थी का पूरा नाम (हिन्दी में) | |
| 2 | अभ्यर्थी का नाम (अंग्रेजी केपिटल लेटर में) | |
| 3 | पिता / पति का नाम (✓ चिन्ह लगाएँ) | |
| 4 | लिंग–(✓ चिन्ह लगाएँ) | महिला / पुरुष / अन्य |
| 5 | दिव्यांगता–हाँ / नहीं यदि हाँ तो– | प्रकार............ प्रतिशत् ............ |
| 6 | जाति वर्ग–(अजा / अजजा / अपिव / अनारक्षित) | |
| 7 | स्थायी पता<br>(निवास प्रमाण पत्र अनुसार) | ग्राम / नगर............ तहसील............<br>जिला............ राज्य ............ |
| 8 | जन्मतिथि–(प्रमाण पत्र अनुसार) | / / |
| | **सहायक शिक्षक के पद पर नियुक्ति एवं सेवा समाप्ति का विवरण** | |
| 9 | सहायक शिक्षक के पद पर नियुक्ति का विवरण | पूर्व में कार्यरत जिला का नाम ............<br>............<br>आदेश क्रमांक –<br>दिनांक– / /<br>पदांकित संस्था ............<br>............विकासखण्ड ............ |
| | सहायक शिक्षक के पद से सेवा समाप्ति आदेश का विवरण | आदेश क्रमांक –<br>दिनांक– / / |

| शैक्षणिक / व्यावसायिक अर्हताएँ– | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 10 | हॉयर सेकण्डरी स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा | बोर्ड........................................ | | | | |
| | **12वीं कक्षा का संकाय :–** (√ चिन्ह अंकित करें) | कला | वाणिज्य | गणित | विज्ञान | अन्य |
| | | | | | | |
| | उत्तीर्ण वर्ष | पूर्णांक | प्राप्तांक | प्रतिशत् | श्रेणी | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| 11 | अभ्यर्थी का मोबाईल नम्बर | | | | | |

**स्वप्रमाणित संलग्न (अभिलेख) :–**

1. नियुक्ति पत्र की छायाप्रति।
2. सेवा समाप्ति आदेश की छायाप्रति।
3. आधार कार्ड की छायाप्रति।

**घोषणा पत्र**

मेरे द्वारा दी गई उपरोक्त सभी जानकारी एवं स्वप्रमाणित दस्तावेज पूर्णतः सही है। किसी भी प्रकार की विसंगती अथवा गलत पाया जाने पर इसकी संपूर्ण जिम्मेदारी मेरी होगी।

**अभ्यर्थी के हस्ताक्षर**

अभ्यर्थी का नाम ...........................................................

रोल नंबर ...........................................................

**टेबल प्रभारी अधिकारी के हस्ताक्षर**

नाम.......................................................

पदनाम.......................................................

टेबल क्रमांक.......................................................